रावण पुतला दहन के स्थान का अवलोकन किया

भरतपुर (निस)। विजयादशमी के पावन पर्व पर रामलीला समिति एवं महाराजा अग्रसेन शोभायात्रा समिति भरतपुर के संयुक्त तत्वावधान में 12 अक्टूबर शनिवार को नई मण्डी प्रांगण में सांय 7 बजे से रावण वध लीला मंचन तदउपरांत रावण पुतला दहन का कार्यक्रम होगा। रामलीला समिति के अध्यक्ष बृजेश कौशिक ने बताया कि यहां की रामलीला का 120 साल बाद भी स्वरूप और परम्परा बरकरार है आज भी पात्र पद्य में संवाद बोलते हैं, संवाद के रूप में रामचरितमानस की चौपाई, दोहे, छंद और सोरठों को स्व-स्वर वाचन होता है। रामलीला समिति के उपाध्यक्ष मोहन मित्तल ने बताया कि ध्वनि नियम सिद्धान्त एक विज्ञान है जिससे वायुमण्डल का शुद्धिकरण होता है इसमें किसी भी वाद्य यंत्र का उपयोग नहीं होता है इसमें वायुमण्डल शोधन होता है भरतपुर की रामलीला इसी परम्परा की संवाहक है। शोभायात्रा समिति संयोजक सुरेश बंसल सह संयोजक मोहन मित्तल ने बताया कि 12 अक्टूबर को रावण वध लीला मंचन का बहुत ही आकर्षित अभिनय पात्रों द्वारा किया जावेगा जिनको 40-50 दिन तक प्रशिक्षण दिया जाता है, रामलीला में चयनित पात्र पेशेवर कलाकार नहीं होते हैं लीला के बाद चिता पर लेटे आकृति में रावण के पुतले का दहन किया जावेगा।

बाल तस्करी मुक्त अभियान के तहत एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन कार्यक्रम का आयोजन

भरतपुर (निस)। बाल विवाह एवं बाल तस्करी मुक्त अभियान के तहत ब्लॉक सेवर के महात्मा गांधी सीनियर सै0 स्कूल में एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एडिशनल एसपी अखिलेश शर्मा की उपस्थिति में सर्वप्रथम कार्यक्रम प्रोजेक्ट हैड शालो हेम्ब्रोम ने कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में अवगत कराया तथा जिले के 5 ब्लॉक के 50 गांवों में चल रही गतिविधि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान एवं बाल विकास प्रतिरोध अधिनियम 2006 के कानून पर जानकारी दी गई। साथ ही बालश्रम, बाल तस्करी, आदि मुद्दों पर चर्चा की तथा बाल विवाह रोकथाम पर जोर दिया और सरकार द्वारा संचालित टोल फ्री नं0 1098, 108, 104, 112, 100 आदि नं0 को मुसीबत के समय में उपयोग करने का आवहन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक अखलेश शर्मा ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य है। उन्होंने कहा कि उपस्थित अध्यापक अध्यापिकाओं से आ ान किया कि बच्चों की अंदरूनी ज्ञान एवं प्रतिभा को उभारने के लिए ज्यादा मेहनत करें और तकनीकि ज्ञान के प्रति अपडेट रहे, ताकि बच्चों को भी अपडेट किया जा सके। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सामाजिक कुरूति जैसे बाल विवाह बाल श्रम से दूर रहे तथा इसके खिलाफ बच्चों को आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया और बाल तस्करी अपराध के प्रति कानून की सहायता लें। मानव तस्करी विरोधी यूनिट से मदद लेने की बात भी कही। इसके कार्यक्रम की मानव तस्करी प्रभारी पूरनचन्द शर्मा ने कहा कि बच्चे छोटी-छोटी बातों से नाराज होकर घर छोड़ देते हैं, ऐसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि माता-पिता ही गुरू है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सेवर के वार्ड नं. 10 के नीरज चौधरी ने कहा कि बाल विवाह व बाल तस्करी जैसे अपराध को जड़ से खत्म करने के लिए समाज को एकजुट होकर विरोध करना होगा, जिससे बच्चों के अधिकार को संरक्षण किया जा सके। कार्यक्रम के अंत में टीना चौधरी ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं छात्र/ छात्राओं एवं अध्यापक/ अध्यापिकाओं को धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में मानव तस्करी टीम से नंदराम, योगेन्द्र शर्मा तथा महात्मा गांधी विद्यालय से अजरा, श्यामवीर, पवन, शिवानी, विजयरानी एवं राजवती आदि अध्यापक अध्यापिका उपस्थित रहे।

बाल तस्करी मुक्त अभियान में महात्मा गांधी सीनियर सै0 स्कूल में एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन कार्यक्रम हुआ।

भारत विकास परिषद ने किया कन्या पूजन

गंगापुर सिटी । भारत विकास परिषद शाखा गंगापुर सिटी द्वारा सेठ हठीलाराम राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गंगापुर सिटी में कन्या पूजन के कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ भारती और स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माला पहनाकर, तिलक लगाकर किया गया। महिला प्रमुख श्रीमती निर्मला खारवाल ने बताया की कार्यक्रम में हठीला राम विद्यालय की 51 बच्चियों को उपहार देकर चरण वंदन किया गया तथा सभी बच्चियों को तिलक लगाकर, चुनरी उडाकर, रूमाल,बोतल,ज्योमेट्री बॉक्स, क्लिप, रवड, सोपनर, ड्राविंग बुक, बिस्कुट् का पैकिट, पेन, कैला आदि देकर सम्मान किया गया। सभी कन्याओं को भोजन में देसी घी का हलुआ, पूडी, सब्जी खिलाकर और दक्षिणा देकर आर्शीवाद लिया। इसी के साथ नवरात्रा के शुभ उपलक्ष्य में मां दुर्गा की आराधना कर सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की गई। सचिव रामदयाल मीना ने बताया की कार्यक्रम संयोजक निर्मला खारवाल, ज्योती आर्य, रंजना शर्मा, संतोष खंडेलवाल, अंजू मित्तल, पुष्पा मीना, उषा डांस, मंजू डांस, ज्योती गुप्ता, रेखा गुप्ता, मंजू पीतलिया, सीमा खंडेलवाल, मुक्ति गुप्ता, मधु गुप्ता, राधा दीक्षित और रेणु गुप्ता, हेमलता रावत, आकांक्षा पाराशर, रीना मीना, रूपा मीना,सुनीता आदि शिक्षिकाओं का भी सहयोग रहा।

सार-समाचार

प्रतिभा सोनी बनी एडवोकेट

गंगापुर सिटी । राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच दिल्ली के राष्ट्रीय संरक्षक ओमप्रकाश मिश्रा एडवोकेट, प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, राष्ट्रीय संगठन मंत्री मदनमोहन पाण्डेय एवं माधोसिंह मदेरणा प्रदेश प्रभारी ने एक विज्ञप्ति जारी कर अधिवक्ता श्रीमती प्रतिभा सोनी को मंच का भरतपुर संभाग का (महिला) अध्यक्ष मनोनीत किया है। सोनी के संभाग अध्यक्ष बनाए जाने पर राजस्थान के अधिवक्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। अभिभाषक संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि हमारे यहां की एक महिला अधिवक्ता को संभाग स्तरीय अध्यक्ष बनाया जाना एक नई पहल है जो कि जल्द ही विधि के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगी। इस अवसर पर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, एडवोकेट अनिल दुबे, रवि कुमार शर्मा, वरिष्ठ एडवोकेट एवं बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बी एन दीक्षित, भागचन्द पल्लीवाल एडवोकेट, तारा रानी, पवन शर्मा, वैशाली शर्मा, मीना शर्मा, बद्री गुर्जर, अशोक दीक्षित, तरूण शर्मा, प्रेम जोशी, वरिष्ठ पत्रकार जगदीश शर्मा, विष्णु शर्मा, विजय सिंह, सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य जनो ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

भगवान जिनेंद्र की रथयात्रा निकाली

बयाना भरतपुर (निस)। बयाना में जैन समाज समिति के तत्वाधान में जिनेंद्र भगवान की भव्य रथ यात्रा बैंड बाजों के साथ जब ठाट बाट से निकली तो मानो पूरा शहर ही भगवान जिनेंद्र के दर्शन करने के लिए उमड़ पड़ा था। लकड़ी के प्राचीन कलात्मक तीन मंजिला रथ में विराजे जिनेंद्र भगवान और उनके सेवकों के रथ को दो सुंदर और सुसज्जित बैलों की जोड़ी खींचते हुए चल रही थी। वही रथ के आगे आगे बैंड वादक कलाकारों के रूप में मुस्लिम कलाकार धार्मिक धुनें बजाते और गाते चल रहे थे। जो अपने आप में विशेष अनूठा ही दृश्य और संयोग था। रथ यात्रा में जैन समाज के लोगों व महिलाओं सहित अन्य लोग भी श्रद्धा भाव के साथ शामिल हुए। यह रथ यात्रा बयाना के बड़े दिगंबर जैन मंदिर से आरंभ होकर कस्बे के सभी बाजारों से होते हुए नसिया जी मंदिर पहुंची जहां से बुधवार को इसी प्रकार वापस बड़े जैन मंदिर के लिए रवाना होगी। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक व आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के भी आयोजन हुए। रथ यात्रा का बाजारों में जगह-जगह स्वागत सत्कार भी किया गया।

परामर्श शिविर का आयोजन

भरतपुर (निस)। डॉ. कुसुम शर्मा हॉस्पीटल कैम्पस गोपालगढ भरतपुर में 10 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक निसंतान्ता एवं आईवीएफ परामर्श शिविर का आयोजन किया जावेगा। डायरेक्टर डॉ. कुसुम शर्मा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ ने बताया कि इस शिविर में जिन भी दम्पत्ति को बच्चा होने में किसी भी प्रकार की दिक्कत आ रही है, जिन महिलाओं को बच्चेदानी की रसोली, फैलोपियन ट्यूब ब्लॉक, बच्चेदानी में टीबी, बार बार गर्भधारण होने के पश्चात भी गर्भपात होना, अधिक उम्र होने पर महीना न आना या फिर संतान न होना, एक बार संतान होने पर दोबारा गर्भ धारण न होना, दो या तीन बार आईयूआई कराने पर भी असफलता मिलना, अनियमित माहवारी या अण्डों का नहीं बनना एवं समय पर नहीं फूटना और पुरूषों में शुक्राणु में कमी होना आदि किसी भी समस्या के कारण माता पिता बनने के सुख से वंचित रह गये हैं उन्हें संतान उत्पत्ति के लिए सही मार्गदर्शन दिया जायेगा। शिविर में जयपुर के प्रसिद्ध डॉ निशांत दीक्षित द्वारा निसंतान्ता एवं आईवीएफ के मरीजों के लिए प्रत्येक माह की 10 तारीख को परामर्श दिया जावेगा।

राम बरात में उमडा जन सैलाव

गंगापुर सिटी । नगर परिषद के तत्वाधान में पुरानी अनाज मंडी में चल रही राम कथा के प्रसंग में मंगलवार को बालाजी चौक से मुख्य बाजारों होकर राम बारात शोभा यात्रा निकाली गई।शोभा यात्रा का खारी बाजार में अग्रवाल समाज समिति द्वारा पुष्प वर्षा कर अल्पाहार कराकर स्वागत किया। इस मौके पर समाज समिति अध्यक्ष घनश्याम दास बजाज, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश चंद गट्टा, महेंद्र गर्ग, महामंत्री मंगती लाल, इंद्र लाल एडवोकेट, मदन मोहन अभिकर्ता, संजय आर्य, कैलाश सरमथुरा, राजेंद्र अकाउंटेंट, बालकृष्ण मंगल आदि समाज के गणमान्य लोगों ने स्वागत में पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, सभापति शिवरतन अग्रवाल आदि का का साफा बांध माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान रथ पर सवार श्री रामचंद्र भगवान की आरती कर श्रीफल व भेंट राशि दी गई। इसके बाद लायन्स क्लब, मानव सेवा संस्थान, भारत विकास परिषद, ब्राहमण समाज, व्यापारिक संगठनो की ओर से पुष्प वर्षा कर व राम सीता की आरती कर आर्शीवाद लिया।

भव्य जागरण व भण्डारा आज

गंगापुर सिटी । मां गुमानो बीजासणी देवी सेवा समिति के तत्वाधान में हर माह की छठ को जाने वाली मासिक बसयात्रा आज 9 अक्टूबर बुधवार को नई थोक फल सब्जी मण्डी उदेई मोड से दोपहर 2 बजे रवाना होगी। अध्यक्ष महेश शर्मा ने बताया कि बसयात्रा शाम 5 बजे करणपुर धाम पहुंचेगी जहां मातारानी की पूजा अर्चना के बाद मां गुमानो यात्री निवास में नवरात्रा के अवसर पर मातारानी का विशाल भण्डारा व जागरण का आयोजन किया जायेगा। जागरण के दौरान माता बहनो के लिए लॉटरी सिस्टम के माध्यम से चूनरी निकाली जायेगी। समिति महामंत्री गोपाल सोनी ने माता रानी के सभी भक्तो से नवरात्रा में मातारानी की यात्रा में चलने का आह्वाहन किया है।

साधारण सभा की बैठक आज

करौली (नि.स.)। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा ने बताया कि आज बुधवार 9 अक्टूबर को दोपहर 12:30 बजे भारत निर्माण राजीव गांधी जन सुविधा केन्द्र जिला परिषद सभा कक्ष में जिला प्रमुख जिला परिषद करौली की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक का आयोजन किया जायेगा।

रामविलास पासवान की मनाई पुण्य तिथि

करौली(नि.स.)। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश सचिव महेंद्र चैधरी ने बताया कि मंगलवार को पार्टी के संस्थापक पद्म भूषण से सम्मानित स्वर्गीय रामविलास पासवान कि पुण्यतिथि पार्टी कार्यालय मधुबन बिहार कॉलोनी में मनाई गई। इस अवसर पर करौली लोजपा (आर) के जिला अध्यक्ष महेश राज मीणा एवं लोजपा के वरिष्ठ नेता भूर सिंह चैधरी ने पासवान कि तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर माला अर्पण किया इस अवसर पर भुरसिंह चैधरी ने कहा कि पासवान सामाजिक न्याय के प्रबल पक्षधर रहे उन्होंने जो काम किया आज उनके कामों को देश याद करता है और उनको कभी नहीं भुला सकता पासवान का सपना था। मे उस घर में दिया जलाने चला हूं जहां सदियों से अंधेरा है अब इस सपने को उनके पुत्र कैबिनेट मंत्री चिराग पासवान पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष महेश राज मीणा ने पासवान के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पासवान ने गरीब,दलित,शोषित,पीड़ितों की लड़ाई लड़ी उनके कामों को कभी नहीं भुलाया जा सकता। आज के दिन ही देश के लिए बहुत बड़ी क्षती हुई थी ऐसे नेता को खो दिया जिसकी पूर्ति करना संभव नहीं है। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ कि जिला अध्यक्ष रूपांति सैनी,प्रदेश सचिव धर्मेंद्र गुनावत,महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव सीमा शर्मा,लोजपा के जिला पदाधिकारी घनश्याम वाल्मीकि बृजलाल माली,रामसिंह टेकेदार भीमनगर,राजकुमार शर्मा,निहारिका गोयल ,महेंद्र सैनी,लाखन सिंह मीणा,नरेश पहाड़ी,सृजत मीणा,समय बाई आदि ने पासवान को श्रद्धांजलि अर्पित की।

भारत विकास परिषद ने गुरुओं का वंदन और छात्रों का अभिनंदन किया

हिंडौन सिटी । भारत विकास परिषद्, शाखा हिण्डौन सिटी द्वारा "स्वस्थ, समर्थ, संस्कारित-भारत" के उद्देश्य को लेकर आज स्थानीय बयाना रोड़ स्थित आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में राष्ट्रीय प्रकल्प "गुरु वंदन छात्र अभिनन्दन" के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित कर सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले शिक्षकों का वंदन एवम् मेधावी विधार्थियों का अभिनन्दन किया तथा स्वास्थ्य चेतना के लिए वरिष्ठ डॉ सुरेश गर्ग द्वारा सीपीआर विधि की उपयोगिता बताते हुए ट्रेनिंग दी गई।

शाखा सचिव दीनदयाल सिंघल एवम् प्रकल्प प्रभारी हुकम सिंह गुर्जर ने बताया कि प्रांतीय उपाध्यक्ष (सम्पर्क) निरंजन शर्मा, गुरु वंदन छात्र अभिनन्दन प्रांतीय प्रभारी मुकेश जिन्दल (वोडाफ़ोन), दिव्यांग सहायता एवम् पुनर्वास प्रांतीय प्रभारी देवेन्द्र शर्मा, शाखा समन्वयक सुबोध जैन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रांतीय प्रभारी पंकज जैन, सलाहकार मण्डल सदस्य डॉ सुरेश गर्ग, अनिल गोयल व सेवानिवृत्त चिकित्सक सतेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम में सहभागिता की। प्रांतीय उपाध्यक्ष निरंजन शर्मा ने बताया कि "सम्पर्क ,सहयोग, संस्कार, सेवा एवम् समर्पण" के पांचों स्तंभों को अंगीकार कर परिषद् द्वारा संस्कार एवम् सेवा क्षेत्र में अनेंक कार्य किए जा रहे हैं। शाखा समन्वयक सुबोध जैन ने सभा में उपस्थित 800 से ज्यादा विधार्थियों, शिक्षकों को परिषद् का संक्षिप्त परिचय देते हुए बताया कि 12 जनवरी सन् 1963 से स्थापित संगठन की लगभग 1600 शाखाएं देशभर में समाज के प्रत्येक वर्ग को ध्यान में रखकर स्वास्थ्य, सेवा व संस्कार के लिए अनवरत कार्य कर रही है। दिव्यांग सहायता एवम् पुनर्वास प्रभारी देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि इस प्रकल्प के माध्यम से परिषद् भारतीय गुरु शिष्य परंपरा की स्वतः सिद्ध सार्थकता को वर्तमान परिवेश में सर्वग्राह्य एवं चिरस्थाई बनाने हेतु दृढ़संकल्पित है।

परिषद् मानव जीवन के सभी क्षेत्रों में कार्य करती है देशभर में 70 हज़ार से अधिक सद्स्य समाज के सभी वर्गों के लिए तत्पर रहकर कार्यरत रहते हैं। सलाहकार मण्डल सद्स्य अनिल गोयल ने कहा कि गुरु-शिष्य सम्बन्धों की आदर्श परम्परा के संरक्षण व संवर्द्धन तथा शिक्षा एवम् नैतिकता के गिरते स्तर को रोकने के प्रयास के साथ गुरु-शिष्य के मध्य आत्मिक सम्बन्धों का सृजन करने के उद्देश्य को लेकर कार्य करता है। इस कार्यक्रम में प्रतिवर्ष पांच हजार से अधिक विद्यालयों के 15 लाख से ज्यादा विधार्थियों की सहभागिता रहती है। शाखाओं के पदाधिकारी इसका आयोजन विद्यालयों में जाकर करते हैं। छात्र छात्राओं में संस्कारपूर्ण विशिष्टता सृजन करने को उनमें "गुरु के उचित मार्गदर्शन के बिना प्रगति सम्भव नहीं है" तथा शिक्षकों में उनके अक्षर के तीन मूल्यों - "शिष्टाचार, क्षमाशीलता और कर्तव्य परायणता" को ग्रहण करने का भाव जाग्रत कर देश के भावी कर्णधारों को उचित मार्गदर्शन प्रदान कर गुरुत्तर उत्तरदायित्व के लिए प्रेरित किया जाता है।

ध्वजारोहण के साथ हुआ शिविर का शुभारंभ

करौली(नि.स.)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ करौली के तत्वाधान में आयोजित द्वितीय तृतीय सोपान शिविर का शुभारंभ स्वतंत्रता सैनानी चिरंजी लाल शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करौली में हुआ।

शिविर में मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर सर्वेश कुमार गुप्ता ने उपस्थित स्काउट गाइड को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट गाइड सेवा का पर्याय है अतः स्काउट गाइड को अपने परिवार एवं समाज के बीच छोटे-छोटे सेवा के कार्य में भाग लेकर स्काउट जीवन की शुरुआत करनी चाहिए ।एक बार स्काउट में प्रवेश कर सारी उम्र स्काउट बना जा सकता है। स्काउट प्रकृति प्रेमी होता है और एक श्रेष्ठ नागरिक बनकर परिवार,समाज व राष्ट्र की सेवा करता है अतः सभी स्काउट गाइड को मन से प्रशिक्षण लेकर सेवा के कार्य करते रहना चाहिए इससे पूर्व प्रशिक्षण शिविर का विधिवत् शुभारंभ स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार शर्मा ने ध्वजारोहण के साथ किया व स्काउट गाइड अतिथियों को सैल्यूट प्रदान किया।

सचिव स्थानीय संघ करौली मुकेश सारस्वत ने अतिथियों का स्काउट रीति से स्कार्फ पहना कर स्वागत किया। आज प्रशिक्षण में स्काउट गाइड को आंदोलन का इतिहास, नियम, प्रतिज्ञा, सेल्यूट, बाया हाथ मिलाना, यूनिफॉर्म के प्रकार, राष्ट्रगान ,झंडा गीत आदि का प्रशिक्षण दक्ष प्रशिक्षक बीएस भंडारी उमाशंकर शर्मा मुकुट कुमार गुप्ता ने प्रदान किया ।

प्रशिक्षण में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय करौली ज्योतिबा फुले उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुभाष पब्लिक स्कूल, क्रिएटिव लोक हितकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 7 सहित विभिन्न विद्यालयों के स्काउट गाइड प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं

इस अवसर पर एडवांस कब मास्टर राजेश कुमार शर्मा, सुरेश चंद चैबदार, गगन शर्मा, अनुराधा शर्मा, स्काउटर गणेश चंद्र शर्मा, अमृतलाल छाबड़ा, ऋषिकेश मीणा ,स्काउटर गवर्नर सिंह राज्यपाल रोवर नीतेश,सोहिल उपस्थिति रहे।

जश्न मनाया

भरतपुर (निस)। हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ सुरेश यादव के नेतृत्व में जीत का जश्न मनाते हुए मिठाई बांटी गई और पटाखे फोड़े गए। जश्न के मौके पर डॉक्टर सुरेश यादव ने कहा कि हरियाणा की जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में कराए गए विकास कार्यों का परिणाम है, साथ ही राजस्थान के लोकप्रिय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा अपने उद्बोधनों से हरियाणा की जनता जनार्दन में भाजपा परिवार के प्रति लोगों का लगाव बढ़ाया जिसके परिणाम स्वरुप ही हरियाणा में भाजपा की जीत हुई है। जश्न के इस मौके पर डॉ रोहित कुमार सिंह, सुजान सिंह अटारी, वीरेंद्र, गिरिराज बघेल, सत्यदेव चाहर, विजय पटेल, राजेंद्र, लोकेश, मंजू, लक्ष्मी, हरेंद्र, अंबिका, नंदिनी, हेमंत, निपुण आदि कार्यकर्ता शामिल हुए।

करंट लगने से पति-पत्नि की मौत

करौली (नि.स.)। करौली जिले के करणपुर क्षेत्र में खेत से बाजरा काटकर घर लौट रहे एक परिवार के 5 लोग सोमवार साय करंट कि चपेट में आ गए। हादसे में एक युवक कि मौके पर ही मौत हो गई और 4 लोग गंभीर रूप से झुलस गए थे। गंभीर झुलसे लोगों को करणपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां मृतक कि पत्नी की हालत गंभीर होने पर उसे करौली जिला अस्पताल रैफर किया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सभी लोग खेत से बाजरा काटकर ट्रैक्टर में बैठ कर घर लौट रहे थे। इस दौरान बिजली का तार टूटकर ट्रैक्टर पर गिर गया। तार टूटकर गिरने ट्रैक्टर पर सवार सभी लोग करंट से झुलस गए।सभी झुलसे लोगों को करणपुर अस्पताल ले जाने पर चिकित्सा अधिकारी डॉ.राजवीर सिंह चैधरी ने सोनू बैरवा 25 पुत्र रामकुमार बैरवा निवासी अमरापुर को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में गंभीर घायल महिला नीरज पत्नी सोनू बैरवा को उपचार के लिए करौली रैफर कर दिया जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए। साथ ही रोहित 7, अन्नू 8 और जेथू 20 का करणपुर हॉस्पिटल में उपचार चल रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीना करणपुर हॉस्पिटल पहुंचे और घायलों कि कुशलक्षेम पूछी।

विधायक रमेश खींची की टिप्पणी पर निंदा की

भरतपुर (निस)। अलवर में भाजपा विधायक रमेश खींची द्वारा भरतपुर सांसद संजना जाटव के लिए की गई अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा के नेतृत्व में जिले के पीसीसी सदस्यों, जिला एवं ब्लाक कार्यकारिणी के सदस्यों, अग्रिम संगठनों के सदस्यों तथा उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कड़ा विरोध जताते हुए विधायक द्वारा की गई टिप्पणी की घोर निंदा की। जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि कल अलवर जिला परिषद की साधारण सभा में विधायक द्वारा की गई इस टिप्पणी के विरोध में जिला कांग्रेस कार्यालय पर भाजपा नेताओं के खिलाफ एक विरोध सभा का आयोजन भी किया गया। सभा की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा ने कहा कि कल जिला परिषद की बैठक में जब भरतपुर सांसद श्रीमती संजना जाटव जन समस्याओं को सादगी पूर्ण पुरजोर तरीके से उठा रही थी इस दौरान बैठक में मौजूद भाजपा विधायक रमेश खींची ने उनको टोका- टाकी करते हुए अभद्र एवं असंसदीय भाषा का प्रयोग किया। जो की पूरी तरह लोकतांत्रिक मूल्य की हत्या है एवं मानव अधिकारों का भी हनन है। सूपा ने कहा कि एक दलित महिला सांसद के प्रति भाजपा विधायक द्वारा किया गया इस तरीके का बर्ताव भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि एवं नेताओं की महिलाओं के प्रति सरकार की गिरी हुई मानसिकता को दर्शाता है। जिलाध्यक्ष सूपा एवं अन्य वरिष्ठ वक्ताओं ने बताया कि पूर्व में भी भारतीय जनता पार्टी के विधायकों द्वारा महिलाओं के प्रति असम्मान एवं अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया जाता रहा है, जो की देश में स्वच्छ एवं स्वतंत्रत लोकतंत्र के लिए बहुत बड़ा खतरा है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा ने एक निंदा प्रस्ताव भी पारित करवाया, जिसका सभा में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने दोनों हाथ उठाकर समर्थन किया। इस मौके पर उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं वक्ताओं ने राज्यपाल एवं भाजपा आलाकमान से विधायक रमेश खींची को तुरंत बर्खास्त कर उचित कार्रवाई करने की भी मांग की। विरोध सभा का संचालन संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने किया तथा आभार प्रदर्शन शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी ने किया। इस विरोध सभा में साहब सिंह एडवोकेट, सतीश सोगरवाल, श्रीभगवान कटारा, मनोज शर्मा, हरस्वरूप सरपंच, श्याम सिंह गुर्जर, गंगाराम पाराशर, राजेंद्र सारस्वत, अशोक लवानिया, प्रेमचंद शर्मा, पार्षद मुकेश जाटव, राकेश पठानिया, अशोक तांबी, लोकपाल सिंह, प्रेमसिंह प्रजापत, दिगंबर खटाना, नदीम मलिक, पुष्पेंद्र बनो, अभिषेक चंदवारी, शहीद खान, शुभम सैनी, बनवारी शर्मा, वीरेन्द्र नागर, विवेक चंदेला, किशन जायसवाल, मुकेश डागुर, दिनेश सहित भारी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेले का जिला कलेक्टर ने किया उद्घाटन

भरतपुर (निस)। जसवंत प्रदर्शनी एवं पशुमेला-2024 का उदघाटन मंगलवार को जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर ध्वजारोहण के साथ किया। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा सहित प्रशासनिक, पुलिस एवं पशुपालन सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिला कलक्टर ने उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि 1920 में तत्कालीन महाराजा किशन सिंह द्वारा अपने दादा महाराजा जसवंत सिंह की याद में मेले की शुरूआत की गयी थी तब से निरंतर मेला आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष यह 105वां मेला है, प्रतिवर्ष अश्विन शुक्ल पंचमी से अश्विन शुक्ल चर्तुदशी तक आयोजित किये जाना वाला यह मेला बृज अंचल का एक विशेष आयोजन है जिसका उत्तर भारत के चुनिंदा लक्खी मेलों में प्रमुख स्थान है। उन्होंने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक धरोहर एवं पहचान होने के साथ सामाजिक सौहार्द के प्रतीक हैं। हमारी परम्पराओं के संवाहक रहे हैं इनके माध्यम से युवा पीढ़ी तक सांस्कृतिक परम्पराओं का निर्वहन होता है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में मेले के आयोजन में वर्षा के चलते जलभराव से आने वाले अवरूद्धों के स्थाई निस्तारण हेतु ड्रैनेज प्लान बनाकर कार्य किया जायेगा जिससे आने वाले समय में मेले का आयोजन और भी बेहतर तरीके से किया जा सके। उन्होंने बताया कि मेला मैदान में बिजली, सीसीटीवी कैमरा, पेयजल की बेहतर व्यवस्था कराते हुए मैदान को विकसित किया जायेगा जिससे व्यापार के लिए अधिक व स्थाई अवसर उपलब्ध करवाये जा सकेंगे। जिला कलक्टर ने कहा कि श्रीजसवंत प्रदर्शनी में प्रदेश के साथ-साथ मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, हरियाणा राज्य के भी पशुपालक एवं व्यापारी भाग लेकर व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि मेले में दूरदराज से आने वाले ग्रामीणों को आवश्यक घरेलु सामान उचित दरों पर मिलने के साथ मनोरंजन के लिए भी झूले व खानपान की दुकानें लगायी गयी हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन कर स्थानीय परम्पराओं को बढ़ाया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस बार पशुपालन विभाग द्वारा आयोजित किये जा रहे दशहरा कार्यक्रम भव्य एवं शानदार होने वाला है जिसमें रावण, कुम्भकरण एवं मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जायेगा। जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शहर में विजय दशमी के पर्व पर आयोजित किये जाने वाले ऐतिहासिक मेले का शुभारम्भ आज विधिवत रूप से किया गया। यह मेला भरतपुर की संस्कृति का अहम हिस्सा है, मेले में शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्ध का वातवरण बनाये रखते हुए किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो इसके लिए जिला पुलिस द्वारा पर्याप्त पुलिस जाप्ता एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि आमजन की सुरक्षा हेतु मेले में लगातार सिविल वर्दी में भी पुलिस तैनात रहेगी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी मेले में आने वाले व्यापारियों एवं मेले में आने वाले लोगों की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सम्पूर्ण मेला स्थल की निगरानी का कार्य किया जा रहा है।

जसवंत प्रदर्शनी एवं पशुमेला-2024 का उदघाटन मंगलवार को जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर ध्वजारोहण के साथ किया।

रामलीला में केवट ने अश्रुधारा से श्रीराम के चरण पखारे

सवाईमाधोपुर। श्री विजयेश्वर नवयुवक रामलीला मंडल द्वारा नवरात्रि के अवसर पर पांचवे दिन मानटाउन क्लब में रामलीला मंचन का आरंभ भगवान श्रीराम सीता माता की आरती से हुआ।

जिसमें पधारे अतिथि अमित बंसल,पत्रकार राजेश शर्मा,पत्रकार सुरेंद्र शर्मा आदि ने आरती कर आरंभ किया, इसके बाद आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण और अयोध्या रामललाजी का चित्र देकर अभिनंदन किया ।

गयारामलीला के मंचन में सुमंत्र दशरथ संवाद, सुमंत्र निषाद संवाद, सुमंत्र श्रीराम संवाद, केवट द्वारा भगवान श्रीराम के चरण पख